Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत संचालित एवं प्रसारित)

Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | खबर ही नही, खबरों का विश्लेषण भी | दिनांक 09-11-2021 | अंक 50

प्रकाशन वर्ष : 2021 | बरही से प्रकाशित एवं संचालित | संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941

बरही | चौपारण | बरकट्ठा | कोडरमा | इचाक | चंदवारा | गिरिडीह | चतरा | हजारीबाग | पदमा/चलकुशा | राज्य/देश

Website- www.apemlive.com | सच का साथी | Email Id- liveapem@gmail.com

## अगर घर में शौचालय होता तो शायद हिमांशु आज जिंदा होता

## शौच के बाद तालाब में पानी छूने के दौरान पैर फिसला, डूबने से हुई मौत

### एसबीएम से शौचालय की स्वीकृति मिली थी, लेकिन जमीन के अभाव में नही बन पाया शौचालय



शव के साथ रोते बिलखते परिजन




यही है मनहुस तालाब जिसमें बच्चे की डुबने से मौत


**अपेम लाइव टीम : बरही**

एक तरफ जहां पूरा गांव और परिजन छठ महापर्व की तैयारी में जुटे थे। वही अप्रिय घटना के बाद पूरा गांव शोक में डूब गया। होनी को कुछ और ही मंजूर था। त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाने की तैयारी ही चल रही थी लेकिन इसी बीच एक परिवार में मातम पसर गया और पूरे गांव में चीख पुकार मच गई। घटना बरही प्रखंड अंतर्गत पंचमाधव की है जहां तालाब में डूबने से 14 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना बरही थाना क्षेत्र के पंचमाधव पंचायत के कोलंगा की है। घटना को लेकर लोगों के बीच काफी देर तक अफरा-तफरी मची रही। मृत बच्चे की पहचान बरही थाने के पंचमाधव निवासी किशोर ठाकुर के पुत्र हिमांशु कुमार के रूप में हुए है। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चा मंगलवार सुबह तालाब के किनारे शौच के लिए गया था। शौच के बाद पानी छूने गया। इसी बीच पैर फिसल जाने के कारण वह तालाब में गिर गया, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई। घंटों बीत जाने के बाद बालक के घर नही पहुंचने पर परिजनों ने खोजबीन शुरू कर दी। ढूढने के दौरान परिजनों ने बालक को तालाब में डूबा पाया। स्थानीय ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे, जिसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से उसके शव को पानी से बाहर निकाला गया। परिजन अपनी संतुष्टि के लिए उसे बरही अनुमंडलीय अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के घर में मातम पसर गया है। हादसे के बाद मृतक के परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिवार छठ पूजा भी कर रहे थे। छठ के दिन घर का चिराग बुझ जाने से त्योहार का जश्न मातम में बदल गया है। बताया जाता है कि मृतक के पिता अत्यंत गरीब हैं। वे छोटा सैलून चलाकर अपने परिवार का जीवीकोपार्जन करते हैं। घटना के बाद उनके घर सीओ अरविंद देवाशीस टोप्पों, मुखिया हरेंद्र गोप सहित कई समाजिक कार्यकर्ता पहुंचे औरशोक संवेदना प्रकट की। घटना पर दुख जताया। धर पहुंचकर तुरंत सीओ श्री टोपपों ने 50 किग्रा आनाज उपलब्ध कराते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जानकारी के मुताबिक इनके घर में छाठ पूजा हो रही थी। जिस पर ग्रहण लग गया।

**घर में नही था शौचालय, इसलिए बच्चा खुले में शौच करने गया**

घर में शौचालय नही रहने के कारण बच्चा को खुले में शौच करने के लिए जाना पडा। यदि घर में ही शौचालय रहता तो शायद हिंमाशु आज जीवित रहता। जानकारी के मुताबिक इनका शौचालय एसबीएम से स्वीकृत भी हुआ था। लेकिन जमीन नही रहने के कारण नही बन पाया। जिसका खमियाजा उनके बच्चे को भुगतना पडा। सरकारी व्यवस्था के मुताबिक गरीब को देखने वाला कोई नही है। इससे सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि बरही एसबीएम की हालत क्या है

## छठ पर्व को लेकर घाट पर होगा सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम



सुरक्षा ईतंजाम मे लगे पुलीसकर्मी

**अपेम लाइव : गिरिडीह**

महापर्व छठ शांतिपूर्ण एवं सौ. हार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु सभी थानाध्यक्ष, पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को एसपी कुमार आशीष ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिया है। जिसमें छठ घाटों पर सुरक्षा को लेकर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीएम शहनवाज अहमद नियाजी व एसडीपीओ अनवर जावेद अंसारी व्यवस्था की मॉनेटरिंग कर रहे हैं। पूजा संबंधी कार्यक्रम के संबंध में स्थानीय छठ पूजा समितियों, नागरिक इकाईयों, वार्ड पार्षदों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों से समन्वय स्थापित किये जाने का निर्देश दिया गया है। कोविड-19 के संक्रमण के बचाव के लिए जारी गाइड लाइन का पालन किया जाना है। घाट के अलावे लोगों के घर में भी छठ पूजा किये जाने की अपील की गई है। जो व्यक्ति कोविड-19 का कम से कम एक टीका लगवा लिए हैं वही घाट पर जाएं, घाट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी लोगों पूछ ले कि कोविड19 का टीका लगा है या नहीं। घाट पर किसी प्रकार के मेला का आयोजन नहीं किया जायेगा। छठ पूजा घाट के आसपास खाद्य पदार्थ का स्ट०ल नहीं लगाया जायेगा। छठ पूजा के आयोज. कों,कार्यकर्ताओं एवं उससे संबंधी अन्य व्यक्तियों को निर्धारित शर्तों का पालन किया जाना है। वही जिला नियंत्रण कक्ष का नंबर 06456-225152 भी जारी किया गया है। छठ पर्व के दौरान अफवाह फैलाने वालों पर भी पुलिस की विशेष नजर रहेगी। किसी प्रकार की अफवाह न फैले इस पर भी पुलिस लगातार निगरानी बरतेगी। सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए साइबर सेल का गठन किया गया है। साइबर सेल सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म व्हाट्सएप, फेसबुक आदि पर नजर रखेगी। एसपी कुमार आशीष ने कहा कि कई बार ऐसा होता है कि किसी दूसरे स्थान में घटना घटित होती है और उसे स्थानीय स्तर पर जोड़कर दिखाने की कोशिश की जाती है। ऐसा करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी

## जिंदगी की जंग हार गए करियातपुर का सुमित

### सड़क दुर्घटना में घायल सुमित कुमार ने भी इलाज के दौरान तोड़ा दम, घर में मातम

**अपेम लाइव : बरही**




मृतक के परिजन को ढांढस बंधाते मो कयूम




अंतिम यात्रा में शामिल लोग

करियातपुर में बीते सोमवार को हुए सड़क दुर्घटना में घायल सुमित कुमार पिता संतोष दास ने भी सदर अस्पताल हजारीबाग में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। ज्ञात हो कि सोमवार को एक तेज गति से आ रही कार ने सड़क के किनारे खड़े 3 लोगों को अपने चपेट में ले लिया था । जिसमें मौके पर ही 13 वर्षीय रोशन कुमार की मौत हो गई थी, जबकि सुमित कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया था । बरही अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हज़ारीबाग़ में भर्ती किया गया था । लेकिन मंगलवार को इलाज के दौरान ही उन्होंने दम तोड़ दिया। जिंदगी एवं मौत से जूझ रहा सुमित आखिरकार जिंदगी का जंग हार गया । सूचना पाकर बरही पूर्वी भाग के जिला परिषद सदस्य मुनेजा खातून के प्रतिनिधि मोहम्मद कयूम , मोहम्मद रिजवान , पूर्व मुखिया मनोज कुमार एवं गणेश यादव बरही अनुमंडलीय अस्पताल बरही पहुंचे और एंबुलेंस की व्यवस्था कर रोशन कुमार के पोस्टमार्टम कराने में सहयोग किया। मृतक के परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए ढाढस बंधाया। निधन पर भजपा नेता रमेश ठाकुर, मनोज कुमार दास ,राम कुमार दास सुरेंदर दास ,दिनेश दास ,बिकु दास, महेंद्र दास ने शोक जताया है। दोनो बच्चों का अंतिम संस्कार करियातपुर शमसान घाट में कर दिया गया। इस दौरान दोनो परिवार के लोगो की चित्कार से करियातपुर एवं उप. स्थित लोगों का दिल दहल गया। अंतिम संस्कार में जिप प्रतिनिधि मो क्यूम, किशुन यादव, बिनोद यादव, अब्दुल मनान वारसी, राहुल अंबेडकार, मो रि. जवान अली, मनोहर यादव, सूरज दास, मो मेराज अंसारी, रामकुमार दास , मनोज दास सहित सैकडो लोग शामिल हुए। इस दौरान सभी की आंखे नम हो गई। छठ पूजा के अवसर पर इस तरह की घटना से लोग काफी मर्माहत दिखे। सभी ने घठ्ना को दुखदायी बताया और भगवान से मृतक की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया।




APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## प्रजापति समाज के दो विभूतियों को पद्मश्री सम्मान मिलने पर झारखण्ड प्रजापति (कुम्हार )महासंघ ने जताया हर्ष,





पद्मश्री से सम्मानित प्रजापति समाज की विभूतियां

**अपेम लाइव : बरही**

प्रजापति समाज से जुड़े दो विभूतियों को भारत सरकार के द्वारा पद्मश्री सम्मान से सम्मानित किया गया है। सम्मान पाने वालों में एक हैं भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल प्रजापति । जिन्हें खेल क्षेत्र में देश की मान सम्मान बढ़ाने के लिए दिया गया है। वही दूसरे हैं पूँडूचेरी तमिलनाडु निवासी मूनुसमय विलिअनौर कृष्णन जी म जिन्हें मिट्टी कला के क्षेत्र में देश की संस्कृति की बचाने में अहम योगदान देने के लिए दिया गया है। दोनो को दिल्ली में आयोजित सम्मान समरोह में पद्मश्री सम्मान से राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा सम्मानित किया गया। प्रजापति समाज के दोनों विभूतियों को मिले पद्मश्री सम्मान से बरही सहित सम्पूर्ण देश के प्रजापति कुम्हार समाज के लोग हर्षित एवं गौरवान्वित हैं। पद्मश्री सम्मान मिलने से झारखण्ड प्रजापति कुम्हार महासंघ ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों विभूतियों को बधाई दिया है। बधाई देने वालों में झारखण्ड प्रजापति (कुम्हार) महासंघ से जुड़े पूर्व विधायक योगेश्वर महतो (बाटुल) ईश्वर चंद प्रजापति, पप्पू पंडित, डॉ नरेश पंडित, नरेंद्र पंडित, गोपाल पंडित, संतोष प्रजापति, अरुण प्रजापति, प्रीतम पंडित, देवधारी प्रजापति, तोखन प्रजा. पति, कृष्णा प्रजापति, दिनेश प्रजापति, मोहन प्रजापति, राहुल प्रजापति, नरेश प्रजापति, परमेश्वर प्रजापति, राम रत्न प्रजापति, दिलीप प्रजापति, लोचन प्रजापति, रविन्द्र प्रजापति, अशोक प्रजापति, रामसुंदर प्रजापति, रामअवतार प्रजापति, ढालो प्रजापति, दिनु प्रजापति, योगेंद्र पंडित आदि लोग शामिल हैं।

## श्री अग्रसेन सेवा संघ गिरिडीह द्वारा अग्रसेन चौक पर लगाया गया नो प्रॉफिट नो लॉस की तर्ज पर नारियल का स्टॉल, मात्र रू 20 में नारियल उपलब्ध




नारीयल के लिए सजाया गया स्टॉल

**अपेम लाइव : गिरिडीह**

लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के मद्देनजर श्री अग्रसेन सेवा संघ गिरिडीह द्वारा बड़ा चौक, अग्रसेन चौक, मैं नारियल का स्टॉल लगाया गया है, ये स्टॉल नो प्रॉफिट नो लॉस की तर्ज पर है, वही इस स्टॉल पर लोगों को मात्र रू 20 में एक नारियल मिल जाएगा, इस बाबत श्री अग्रसेन सेवा संघ गिरिडीह के उपाध्यक्ष अशोक केडिया ने बताया कि इस स्टॉल में 6300 नारियल उपलब्ध कराए गए हैं, जिसकी कीमत प्रति नारियल रू 22 लागत आई है, जो कि उच्च क्वालिटी का नारियल है, इस दौरान उन्होंने बताया कि यह सेवा नारियल समाप्त होने तक अनवरत रूप से जारी रहेगी जिसका लाभ हर छठ व्रती उठा सकते है, इस कार्य को सफल बनाने में श्री अग्रसेन सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ आर आर केडिया, सचिव राकेश मोदी आदि संघ के गणमान्य सदस्य जुटे हुए हैं ।

## छठ पर्व की पूर्व ही दर्दनाक हादसा, नदी में डूबने से 4 बच्चों की मौत, मातम में डूबा गांव

**अपेम लाइव : गिरिडीह**
**रोहित कुमार**

छठ महापर्व के शुरुआत में ही गिरिडीह शहरी इलाके से दो किलोमीटर दूर मंगरोडीह गांव में मंगलवार को दर्दनाक हादसा हुआ है। यहां एक साथ ही दो परिवार के चार बच्चों की मौत नदी में डूबने से हो गई। घटना मंगलवार की सुबह करीब 10 बजे की है।

**देर से पता चला मामलाः** घटना के बारे में मिली जानकारी के अनुसार जब छठ पर्व के दौरान खरना पूजा के लिए गांव की महिलाएं नदी स्नान और प्रसाद लाने गांव से आधा किलोमीटर दूर उसरी नदी गई हुई थीं। इस दौरान महिलाओं के साथ गांव के मदन सिंह की 10 साल की बेटी सुहाना कुमारी, टिंकू सिंह की बेटी सोनाक्षी कुमारी और महेश सिंह का 12 साल का बेटा मुन्ना कुमार भी नहाने गये हुए थे। नहाने के क्रम में पांचों बच्चे नदी के गहरे पानी में चले गए। इस दौरान महिलाएं घर वापस लौट गई। लेकिन नदी में डूबे बच्चों की कोई जानकारी परिजनों को नहीं मिल पायी



**पर्व मानने नाना घर आयी थी दीक्षा**

इसी दौरान नदी से लौटे एक बच्चे ने घटना की जानकारी गांव वालों को दी। इसके बाद पूरे गांव में कोहराम मच गया. जिसे सूचना मिली वही नदी की ओर दौड़ पड़ा। इस दौरान ग्रामीणों ने काफी प्रयास के बाद पहले दो बच्चों को गहरे पानी से निकाला। इन बच्चों को शहर के नर्सिंग होम ले जाया गया। जहा दोनों को चिकित्सकों ने मृत बताया .

इसी बीच दो और बच्चों को भी बाहर निकाला गया। जानकारी के अनुसार गांव के ही श्याम सिंह की नितिनी दीक्षा कुमारी पर्व मानने नाना घर आई हुई थी।

## बरही एसडीओ व डीएसपी ने किया छठ घाट का निरीक्षण, विधि व्यावस्था का लिया जायजा

**अपेम लाइवः चौपारण**

बरही एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नाजीर अख्तर, बीडीओ प्रेमचंद सिन्हा व थाना प्रभारी स्वपन कुमार महतो ने सामूहिक रूप से चौपारण प्रखण्ड के भिन्न भिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर विधि व्यावस्था का जायजा लिया और पूजा समितियो को कई दिशा निर्देश दिया। इस दौरान ताजपुर शिव मंदिर स्थित छठ घाट, नावाडीह छठ घाट आदि का निरीक्षण किया। एसडीओ ने कहा कि आस्था का महापर्व छठ सबके लिए अहम स्थान रखता है। डीएसपी ने पूजा समितियो



चौपारण में छठ घाट का निरीक्षण करते एसडीओ एवं एसडीपीओ

से आग्रह किया कि गहरा पानी मे नही जाएं, बैरिकेटिंग कर सुरक्षा मुहैया करावे। कहा चौपारण पुलिस प्रसाशन आपके सेवा में सदैव तत्पर है। बीडीओ ने कहा कि किसी भी प्रकार के सहायता के लिए चौपारण प्रशासन तैयार रहेगा।

## छठ में महंगाई पर आस्था पड़ा भारी, बाजार में उमड़ी भीड़

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**

सूर्योपासना के अनुपम आस्था का लोकपर्व छठ महापूजा को लेकर विष्णुगढ़ बाजार में मंगलवार को काफी गहमागहमी रही। बाजार में छठ पूजा में उपयोग किए जाने वाले विविध फलों के अलावा पूजन सामग्रियों की दर्जनों दुकानें सजी हैं। आसमान छूती महंगाई के बावजूद छठव्रती अपने सामर्थ्य के अनुसार फलों एवं पूजन सामग्री की खरीदारी कर रहे है। छठव्रती पूजा में उपयोग वाले सभी सामग्री जुटाने में लगे हैं। छठ पूजा के लिए कोसी, पीतल या बांस का सूप, दउरा, साड़ी, गन्ना, नारियल, फल समेत हर छोटे-बड़े सामान की खरीदारी



छठ को लेकर सब्जी फल की दुकान में खरीदारी करते लोग



छठ को लेकर साड़ी की खरीदारी करती महिलाएं

करने लगे हैं। बाजार में सेव 400-600 रूपए पेटी, केला 200-500 रूपए कांधी, संतरा 400, अमरूद 50, पानीफल 50, डेंभा 10 रूपए पीस, शकरकंद 50, अदरक 40, गाजर 60, सुथनी 100, मूली 20, नाशपती 100, शरीफा 200, नारियल 20 रूपए का भाव रहा। खरना को लेकर भी लोग सुबह से ही दूध की जुगाड़ में देखे गए। इसके अलावा सभी छोटी-बड़ी साड़ियों की दुकान पर भी महिलाओं की भीड़ बढ़ गई है। छठ महापर्व में साड़ी का अलग महत्व है। छठी मैया को अर्पण करने के साथ पूजा करने वाली छठव्रतियां नई साड़ी में पूजा करती है। वहीं, चूड़ी, बिंदी समेत महिलाओं की साज-सज्जा से संबंधित दुकानों पर भी लोगों की काफी भीड़ रही। शाम में खरना को लेकर छठव्रतियों ने खीर पूरी का भोग लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। कई लोग भी खरना का प्रसाद लेने के लिए छठव्रतियों के घर पहुंचे। बुधवार को महापर्व के तीसरे दिन छठव्रती वि. विध घाटों पर अस्. ताचलगामी भगवान सूर्य को अर्घ्य देगें।

## समाजसेवी सोनू ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ छठ घाटों की कराई सफाई

**अपेम लाइवः बडकागांव**
**अमित मालाकार**

समाजसेवी शाहिद ऊर्फ सोनु ने बड़कागांव अंतर्गत पीपल नदी मंझली दाड़ी छठ घाट की साफ सफाई करवाया। छठ महापर्व को देखते हुए सोनू ने अपने निजी खर्चे जेसीबी से छठ घाट की सफाई करवाई। मौके पर राजेश कुमार, कीर्तन महतो (वार्ड सदस्य), सत्यदेव महतो, जितेन्द्र महतो, भीम प्रकाश, दिनेश महतो, खिरोधर कुमार, हो. रिल कुमार, प्रदीप महतो, बबलू कुमार, खेमलाल भुइंया, राकेश भुइंया, मुंशी



छठ घाट की सफाई कराते सोनू

भुइंया, उपेन्द्र महतो, आनंद कुमार, अनूज कुमार, अमृत कुमार, कृष्ण कुमार, टिकेश्वर कुमार, रा. जेश कुमार आदि उपस्थित थे।



सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर



## कान्हाचट्टी के सभी छठ घाट सज धज कर है तैयार, प्रखण्ड प्रशासन छठव्रातियों के लिए की है कई सुविधाएं

### छठ में कोई अनहोनी न हो इसके लिए प्रखण्ड में तैराक टीम है तैयार : बी डी ओ

**अपेम लाइवः कन्हाचट्टी**
**प्रमोद कु0 सिंह**

कान्हाचट्टी प्रखण्ड में छठव्रतियों के हर सुविधा का ध्यान रखा जाएगा,तथा छठ घाटों पर लोगो को अपने अपने बच्चों को सावधानी से पानी मे जाने की सलाह दिया गया है।ऊक्त बाते मंगलवार को बी डी ओ हुलास महतो ने जमरी और चारु पंचायत के छठ घाटों के निरीक्षण के क्रम में कहा।उन्होंने कहा कि सभी छठ घाटों पर अधिक पानी जहां तक है वहां तक बैरिकेटिंग करने और खतरा के चिन्ह लगवा दिया गया है तथा लोगो से कहा गया है कि जिन जिन घाटों पर तालाब में छठ घाट है वहां कोई भी लोग अधिक पानी की ओर न जाएँ।श्री महतो ने कहा कि किसी भी अनहोनी से निपटने के लिए प्रखण्ड प्रशासान तैयार है।प्रखण्ड में तैराकी टीम को भी तैयार रखा गया है।यदि कहि कोई पानी मे डूबने आदि की कोई घटना हो तो तुरन्त प्रखण्ड प्रशासान या थाना से सम्पर्क करें।वहीं कैंडी नगर छठ घाट को सबसे बेहतर ढंग से सजाया गया है।इधर चारु पंचायत के मुखिया उम्मीदवार मनिका देवी पति राजू सिंह ने लगातार मंगलवार को चौथे दिन छठ घाटों तक जाने के लिए जर्जर सड़को में मोरम डाल कर मरम्मत किये।श्री सिंह ने कहा कि हेसापरम छठ घाट में कई वर्षो से विवाद था जिसे भी आज बनवा दिया गया।मौके पर बी पी ओ नि. रजंन सिंह,सुरेश यादव,राजेन्द्र राम,रेणु दाँगी, राजकुमार सिंह,सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।





छठ घाट का निरीक्षण करते समाजिक कार्यकर्ता

## छठ पर्व को ले हुई घाट की सफाई,निरीक्षण को पहुचे विधायक



छठ घाट का निरीक्षण करते विधायक अमित कुमार यादव

**अपेम लाइवः बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**

लोकआस्था का महापर्व छठ को देखते हुये प्रखण्ड का महत्वपूर्ण व प्रसिद्ध बेलवा नदी छठ घाट, परबत्ता नदी छठ घाट, नयाडीह छठ घाट बरकट्ठा की घाट की सफाई कार्य का निरीक्षण को ले स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव पहुचे उन्होंने युवकों द्वारा की गई सफाई कार्यो व घाट की साज सज्जा को की प्रसंशा की उन्होंने बेलवा नदी छठ घाट में घोषणा की अगले वर्ष अतिरिक्त छठ घाट के लिए 200 फीट सीढ़ी व अगर युवकों का सहयोग रहा तो बरकट्ठा में बेलवा नदी छठ घाट में 5 दिवसीय सार्वजनिक मेला का आयोजन किया जाएगा घाट पर ही सूर्य मंदिर का निर्माण की बात भी रखी गयी जिस पर सबो ने सहमति जताई ज्ञात हो बेलवा नदी छठ घाट की स्थिति काफी खराब थी विधायक अमित यादव पिछले सप्ताह छठ घाट का निरीक्षण करके आवश्यक दिशा निर्देश युवकों को दिए थे इसी की निमित पोकलेन से पूरे घाट की सफाई की सफाई की गई साथ ही एनएच फा.रलेन से लेकर छठ घाट तक मजदूर लगाकर घाट की सफाई की जा रही है ज्ञात हो इस घाट पर छठ पूजा समिति के युवको द्वारा आकर्षक रूप से साज सज्जा लाइटिंग व लाउडस्पीकर लगाया जा रहा है वही स्थानीय युवकों की पहल पर श्रद्धालुओं द्वारा छठ के दूसरे अर्घ्य के दिन भव्य भंडारे का आयोजन अम्ब.डकर क्लब के भवन में किया जाना है इस व्यवस्था को लेकर स्थानीय प्रशासन व जनप्रतिनिधियों द्वारा भी छठ पूजा समिति के द्वारा की जा रही व्यवस्था की भूरी भूरी प्रसंशा की जाती रही है घाट की सफाई के दौरान जीप प्रतिनिधि केदार साव, मो कलीम खां, मुखिया बसन्त साव, सुनिल श्रीवास्तव, पंसस अशोक गुप्ता, महेश मंडल बिंदु सोनी, विनोद सोनी, दीपक सोनी, शिशु सोनी, शेरा, मीनू, सूरज लाल, महेंद्र कसेरा,मो कमाल खा, उमेंश यादव,बबलू श्रीवास्तव, गणेश सोनी, पप्पू दास, किशोर दास, आकाश कुमार, गुड्डा , मिथलेश, सचिन, दीपक राणा उपस्थित थे ।

## छठ घाट का किया गया साफ सफाई व छठ व्रतियों के लिए बनाया सुविधायुक्त



छठ घाट का निरीक्षण व सफाई कराते समाजिक कार्यकर्ता

**अपेम लाइवः बरकट्ठा**
**मानवराज सिंह**

स्वच्छता पवित्रता के साथ धार्मिक लोक आस्था का महापर्व छठ को लेकर बरकट्ठा प्रखंड स्थित ग्राम कलाहाबाद में ग्रामीणों के द्वारा छठ घाट का साफ–सफाई व जेस.ीबी से समतलीकरण किया गया। छठ घाट को छठ व्रतियों हेतु सुविधा युक्त बना दिया गया है। सभी ग्रामीणों ने स्वयं ही छठ घाट की चारों ओर साफ सफाई किए। गयपहाड़ी पंचायत के मुखिया गुड़िया देवी के द्वारा जेसीबी मशीन लगाकर छठ घाट का समतलीकरण किया गया। छठ घाट साफ सफाई कार्यक्रम में पंचायत के पूर्व मुखिया रामचंद्र चंद्रवंशी, मुखिया प्रतिनिधि दीपक चंद्रवंशी, सिकेंद्र साव, समाजसेवी किशून चंद्रवंशी, अनिल चंद्रवंशी, अजीत सिंह चंद्रवंशी, देवानंद कुमार, रोहित पा.सवान, पंकज चंद्रवंशी, विजय चंद्रवंशी, सिंगर रवि राजा चंद्रवंशी, मोती राम, मनोज दास, अजय चंद्रवंशी, रवि कुमार, मुन्ना दास, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार तुरी, कमलेश कुमार, सर्वेश्वर कुमार, कुंदन कुमार आदि शामिल थे।

## नैस परीक्षा को लेकर बीईईओ ने की बैठक, कदाचारमुक्त परीक्षा का निर्देश

**अपेम लाइवः बरकट्ठा**
**अजित कुमार**

नेशनल एचीवमेंट सर्वे(नैस) परीक्षा के सफल आयोजन को लेकर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदा.धिकारी बरकट्ठा ,अशोक कुमार पाल की अध्यक्षता में क्षेत्र निरीक्षक तथा निर्धारित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों की बैठक मंगलवार को प्रखंड संसाधन केंद्र बरकट्ठा में की गई । कदाचार मुक्त एवं नियमानुसार परीक्षा आयोजन के लिए बीईईओ द्वारा मार्गदर्शन दिया गया । वहीं क्षेत्र निरीक्षकों ने परीक्षा आयोजन के नियमों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। विदित हो कि नैस परीक्षा का आयोजन 12 नवंबर को हो रही है जिसमें सभी प्रकार के विद्यालयों का चयन किया गया है । परीक्षा में वर्ग तीन ,पांच, आठ एवं दस के छात्रों को शामिल किया गया है ।विद्यालयों में निर्धारित कक्षा में ही परीक्षा ली जा रही है ।बच्चों की उपलब्धि आंकलन को लेकर या परीक्षा आयोजित हुई है। बैठक में बीईईओ अशोक कुमार पाल, प्रधानाध्यापक उमेश कुमार शर्मा, रमेश कुमार, राजेंद्र प्रसाद, चाइना चक्रवर्ती, मोहम्मद रियाजुद्दीन, बीआरपी जागेश्वर साव, सीआरपी शशि भूषण प्रसाद सिंह ,अर्जुन प्रसाद चौधरी, परमानंद पांडेय, विनोद शर्मा, फलजीत राणा, अनंत पांडेय, रामकृष्ण पांडेय समेत अन्य लोग उपस्थित थे।



बैठक करते बीईईओ अशोक कुमार पाल

## पिकप चोरी के मामले में एक आरोपी को जेल

**अपेम लाइवः बरकट्ठ /अजित कुमार**

बरकट्ठा थाना कांड संख्या–137/21 के आरोपी– राजकुमार प्रसाद पिता लीलाधारी प्रसाद साकिन कोषमा थाना बरकट्ठा निवासी को बरकट्ठा पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस पर पिकउप चोरी का मामला दर्ज ाा और वह प्राथमिकी दर्ज होने के बाद फरार चल रहा था

**छठ पूजा के पावन अवसर पर अपेम लाइव परिवार की ओर से आप सभी पाठकों को हार्दिक शुभकामनाएं।**

**सूचनाः छठ पूजा के अवसर पर अपेम लाइव न्यूज का प्रकाशन दिनांक 10.11.2021 को बंद रहेगा। पुनः 11.11.2021 को अगला अंक का प्रकाशन होगा।**

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## शिक्षिका कुंती देवी ने पेश की बरही पश्चिमी भाग से जिला परिषद सदस्य की उम्मीदवारी, मांगा समर्थन




**अपेम लाइवः बरही**

**सोनू पंडित/ धनंजय कुमार**

बरही पश्चिमी भाग से जिला परिसद सदस्य पद के लिए रसोइया धमना निवासी एवं मवि बेंदगी की पारा शिक्षिका कुंती देवी पति तापेश्वर प्रसाद ने अपनी उम्मीदवारी पेश कर दी है। उन्होने अपनी उम्मीदवारी पेश करते हुए कहा कि एक शिक्षिका के तौर पर मैने बच्चों को शिक्षा देने का काम किया। अब मैं चाहती हूं कि पूरे बरही पश्चिमी भाग की जनता की सेवा करूं। इसी उदेश्य से मैं जिला परिसद सदस्य पद के लिए अपनी उम्मीदवारी पेश की हूं। उन्होने छठ पूजा के पावन अवसर पर सभी कोशुभकामनाएं देते हुए कहा कि पिछले पांच साल में बरही पश्चिमी भाग का कुछ भी विकास नही हुआ है। एक बार आप सब मुझे समर्थन करें । शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, सडक सहित जनता की मूलभूत सुविधाओं को जनता के बीच तक पहुंचाने का काम करूंगी।

## कोनरा पंचायत के योग्य व कर्मठ भावी मुखिया उम्मीदवार सैरा खातून की ओर से धनतेरस, दीपावली, छठ पूजा, भैयादूज एवं चित्रगुप्त पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं ।



सैरा खातुन को समर्थन कर उनके हाथों को करें मजबूत, शुभ दीपावली





रामदेव साव | सुभाष पासवान | मंटु सिंह





सैरा खातुन, कोनरा मुखिया प्रत्याशी

कुनाल कतरियार | बिनोद कुमार | टुन्नू केशरी

### हमारा संकल्प, वायदे ही नही इरादे भी,

1. कोनरा पंचायत को आदर्श पंचायत बनाना
2. कोनरा पंचायत के गरीब बच्चियों की शादी विवाह के लिए फंड की व्यवस्था करना,
3. रियाडा में विस्थापित रैयतो को प्राथमिकता के साथ रोजगार दिलाना
4. गरीब मेधावी बच्चों एवं बच्चियों की निःशुल्क शिक्षा की व्यवस्था करना,
5. कोनरा पंचायत में सभी धर्म, जाति संप्रदाय के बीच आपसी भाईचारगी कायम रखना,
6. गरीब, विधवा, बुजुर्ग को पेंशन दिलाना
7. जरूरतमंद गरीब को राशन कार्ड उपलब्ध कराना
8. बिना किसी भेदभाव के सभी के विकास के लिए काम करना

## छठ पूजा के पावन अवसर पर बरसोत पंचायत के भावी मुखिया उम्मीदवार मनोज कुमार यादव की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं






स्व डीलचंद यादव, पूर्व मुखिया




स्व0 बंशी यादव, समाजसेवी

हमारी प्राथमिकता

1. शिक्षा, स्वास्थ्य एवं ग्रामीण रोजगार मुहैया कराना हमारी प्राथकिता
2. किसानों के खेतो तक सिंचाई की व्यवस्था कराना
3 महिला सशक्तिकरण का प्रयास
4 गरीबो को उनका हक दिलाना

मनोज कुमार यादव
भावी मुखिया उम्मीदवार
बरसोत पंचायत







APEM LIVE

APEM LIVE NEWS सच का साथी